# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, औरैया वन प्रभाग, औरैया।

पत्रांकः 996/14—1 दिनांकःऔरैयाःअगस्त, 09 ,2022

सेवा में,

महा प्रबन्धक,
साउथ ईस्ट यू0पी0 पावर ट्रान्समिशन कम्पनी लि0,
बिवाना साइवर साईट, प्रथम तल ऑफिस नं0 16,
विभूमि खण्ड गोमती नगर लखनऊ 226010।

विषय— 765 के0वी0 सिंगल सर्किट मैनपुरी—बारा पारेषण लाईन सर्किट —1 के निर्माण कार्य हेतु कानपुर नगर में 0.346 हे0, कानपुर देहात में 0.866 हे0, प्रयागराज में 14.84 हे0, मैनपुरी में 1.415 हे0 एवं औरैया वन प्रभाग में 0.1024 हे0 अर्थात् कुल 19.7626 हे0 प्रभावित संरक्षित वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग की अनुमति के सम्बन्ध में।

**प्रस्ताव** — FP/UP/TRANS/15538/2015

सन्दर्भः—मुख्य वन संरक्षक, कानपुर मण्डल, कानपुर की पत्र संख्या 3896 / 14—1दिनांक 21.06.2022 एवं इस कार्यालय की पत्र संख्या 4760 / 14—1 दिनांक 17.05.2022।

उपरोक्त विषयक एवं सन्दर्भित पत्रों को अवलोकन करने का कष्ट करें जिसमें आप से अपेक्षा की गई थी कि प्रभावित संरक्षित वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग हेतु अनुमति मांगी गई थी उक्त के क्रक्र में आप द्वारा अभी तक प्रस्ताव सम्बन्धी अभिलेख इस कार्यालय को उपलब्ध नहीं कराये गये हैं जिनका विवरण निम्न प्रकार है :—

1. प्रस्ताव में पेनड्राइव उपलब्ध नहीं है।
2. प्रस्ताव में पुनः स्थलीय ज्वाइंट रिपोर्ट संलग्न नहीं है।
3. प्रस्ताव में जियो रिफरेन्स मैप लगा है हस्ताक्षर नहीं है।
4. प्रस्ताव में लीज अवधि सम्बन्धी प्रमाण—पत्र संलग्न नहीं है।
5. प्रस्ताव में क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु भूमि की उपयुक्तता सम्बन्धी प्रमाण—पत्र संलग्न नहीं है।

अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि प्रस्ताव में कमियों का निराकरण करते हुये सम्बन्धित अभिलेख इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

प्रभागीय वनाधिकारी,
औरैया वन प्रभाग, औरैया

E:\DFO2\DRAFTMEN\Letter 2014-15.doc